श्री हुकमचन्द कछवाय :

क्या प्रति-रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पाकिस्तान ने हाल ही में सोवियत रूस से टी०-54-55 प्रकार के 50 टैंक और 130 एम० एम० की 200 बड़ी तोपें प्राप्त की हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और क्या कार्यवाही की गई और उसका क्या परिणाम निकला है ?

प्रति-रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) सरकार को टी–54–55 या 130 एम० एम० गनों की पाकिस्तान को किसी हाल की सोवियत सप्लाई के संबंध में कोई सूचना नहीं है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

पूर्वी-जर्मनी के साथ राजनयिक संबंध

862. **श्री रामसिंह अयरवाल :** क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूर्वी जर्मनी के वाणिज्यिक दूतावास के भूतपूर्व वाणिज्यिक दूत, श्री हरबर्ट फिशर ने, 25 अगस्त को प्रेस सम्मेलन में कहा था कि उनकी सरकार ने उनको पूर्ण राजदूत का दर्जा दिया था और कि भारत द्वारा पूर्वी जर्मनी के साथ वाणिज्यिक संबंध स्थापित करने का तात्पर्य, उसको राजनयिक मान्यता देना है और उन्होंने अपना परिचय पत्र अपनी सरकार की ओर से 19 अगस्त को वैदेशिक-कार्य मंत्री को पेश किया था; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

वैदेशिक-कार्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री सुरेन्द्रपाल सिंह) : (क) सरकार ने संवाददाता सम्मेलन की विभिन्न अखबारी खबरें देखी हैं ।

(ख) वास्तविक स्थिति यह है कि जर्मन जनवादी गणराज्य के साथ भारत के कौंसली सम्बन्ध हैं, राजनयिक संबंध नहीं, अतः विश्वास-पत्र प्रस्तुत करने का प्रश्न नहीं उठता । यह जर्मन जनवादी गणराज्य सरकार पर निर्भर करता है कि वह यहाँ अपने प्रधान कौंसल को जो भी व्यक्तिकदर्जा मुनासिब समझे दे ।

Financial crisis faced by Coal Industry

863. SHRI R. K. AMIN: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS AND MINES AND METALS be pleased to state :

(a) whether coal industry is facing crisis for want of finances etc;

(b) if so, whether his attention in this regard has been invited to a report in the Times of India of the 10th October, 1970 (page 13); and

(c) if so, the reaction of Government in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND CHEMICALS, AND MINES AND METALS (SHRI NITI RAJ SINGH CHAUDHARY) : (a) The Industry have brought to the notice of the Government about the Crisis faced by them for want of finance etc.

(b) Yes, Sir.

(c) The Reserve Bank of India have advised all the Public Sector Banks functioning in Bengal-Bihar that they may like to take a sympathetic view in considering requests for financial assistance from coilieries. The Ministry of Railways have assured that if the conditions in West-Bengal-Bihar remains normal, they would be able to move all the consumer demands